दिनांक : 16 जुलाई, 2021

प्रेस विज्ञप्ति

नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ

विश्व सर्प दिवस

विश्व सर्प दिवस के अवसर पर आज दिनांक 16.07.2021 को नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ में श्री आर0के0 सिंह निदेशक, नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ के निर्देशन में अवध वन प्रभाग एवं पर्यावरणम् सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में श्री आदित्य तिवारी, सर्प विशेषज्ञ द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें प्राणि उद्यान एवं वन विभाग के कर्मचारियों तथा आम जनता द्वारा प्रतिभाग किया गया। पर्यावरणम् सोसाइटी के सदस्यों द्वारा पोस्टरों के माध्यम से सर्पों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने का कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम–जनमानस में सर्पों के प्रति फैली भ्रान्तियों को दूर करना तथा सांपों के प्रति जागरूकता फैलाना था। इस कार्यक्रम का संचालन श्री आदित्य तिवारी, सर्प विशेषज्ञ द्वारा किया गया एवं सांपों के विषय में जानकारी दी गयी, जिसके अन्तर्गत कौन–सा सर्प विषैला है तथा कौन सा विषैला नहीं है। इसके साथ–साथ सर्प दंश में क्या–क्या प्राथमिक उपचार किया जाय एवं सर्प दंश किये गये व्यक्ति को निकटतम चिकित्सालय तक पहुॅचाने से पहले क्या–क्या सावधानी बरती जाय, इसकी जानकारी दी गयी। श्री आदित्य तिवारी द्वारा बताया अभी तक जो विषैले सर्प लखनऊ में पाये जाते हैं उनका विवरण निम्न है–

1. कोब्रा
2. करैत
3. रसेल्स वाइपर (यह सर्प लखनऊ में मुख्यतः पाये जाने की पुष्टि हुई है)

इसी प्रकार ऐसे सर्प जो विषैले नहीं होते हैं, उनका विवरण निम्न है–

1. अजगर
2. कॉमन सेन्डबोआ
3. रेड सेन्टबोआ
4. रेट स्नैक
5. चेकेर्ड कील बैक
6. स्ट्रिप कील बैक
7. वार्म स्नैक
8. बुल्फ स्नैक
9. कॉमन कुकरी

इस कार्यक्रम में पर्यावरणम् सोसाइटी के श्री आदित्य तिवारी, सर्प विशेषज्ञ के साथ–साथ देव्यानी, शरीफ, अनुराग, अभिषेक, सुस्मिता, बबिता, इरशाद, मेहमूब, अपूर्व एवं सतीश आदि सदस्यों ने भाग लिया।

(–ह0–)
(आर0के0 सिंह)
निदेशक
नवाब वाजिद अली शाह
प्राणि उद्यान, लखनऊ